**<u>हेडिंग –सिविल सर्विस परीक्षा में 242 रैक के साथ राहुल शेखर ने पंतनगर वासियों का नाम रोशन किया</u>**

पंतनगर। 23 अप्रैल 2025। विश्वविद्यालय के आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि विभाग के प्राध्यापक डा. बीरेंद्र प्रसाद के सुपुत्र श्री राहुल शेखर ने कल सिविल सर्विस परीक्षा के घोषित परिणाम में 242 रैंक से इस महत्वपूर्ण परीक्षा को पास कर अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे पंतनगर वासियों का सर ऊंचा किया है। श्री राहुल प्रारंभिक शिक्षा नैनीताल के घोड़ाखाल स्कूल से प्राप्त किया और बी.टेक की डिग्री आईआईटी कानपुर से प्राप्त करने के बाद भारतीय इंजीनियरिंग सेवा में कार्यरत थे। श्री राहुल के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने श्री राहुल एवं उनके माता–पिता को हार्दिक बधाई दी एवं राहुल के उज्जवल भविष्य की कामना की है।